# वार्षिक पाठ्यक्रम
# सत्र: 2023-2024
# विषय: सामाजिक विज्ञान
# कक्षा: 6

| पाठ्य पुस्तक | अध्याय एवं उनका पिछली कक्षाओं के साथ मापन | सुझावात्मक गतिविधियाँ | अधिगम संप्राप्ति |
|---|---|---|---|
| **सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन-I** | अध्याय 2: 'विविधता एवं भेदभाव'<br><br>पिछली कक्षाओं के साथ मापित<br><br>**कक्षा-V**<br><br>**अध्याय 17: फाँद ली**<br><br>**दीवार** | ❖ अपने आस-पास की किन्हीं तीन रुढ़िबद्र धारणाओं की सूची बनाइए। क्या इस तरह की धारणाएँ रखना सही है?<br>❖ अखबार में छपी किसी भी प्रकार के भेदभाव से संबंधित खबरों पर चर्चा कीजिए।<br>❖ कक्षा में इस प्रकार की गतिविधियों को प्रोत्साहित कीजिए जिनसें कक्षा में पूर्वाग्रह एवं रूढ़िवादी धारणाएँ समाप्त हो सके।<br>❖ कक्षा में इस प्रकार की गतिविधियों को बढ़ावा देना जिनसें समानता, सांस्कृतिक विविधता एवं अन्य विचारधारा को यथोचित सम्मान मिल सके।<br>❖ कृपया कार्यपत्रक संख्या 120B देखिए। (कक्षा -V)<br>❖ कृपया कार्यपत्रक संख्या 20, 21 एवं 25 देखिए। (कक्षा -VI) | ❖ समाज में विविधता के महत्व को समझाएँगे।<br><br>❖ अपने आस-पास होने वाले विभिन्न प्रकार के भेदभावों की पहचान करेंगे तथा उन्हें दूर करने के प्रयासों का वर्णन करेंगे।<br><br>❖ समाज में व्याप्त भेदभावों एवं विभिन्नता के बीच अंतर स्पष्ट करेंगे ।<br><br>❖ विविधता के बावजूद देश की "विविधता में एकता " की संस्कृति की प्रशंसा करेंगे । |
| **सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन-I** | अध्याय 4: ' पंचायती राज' | ❖ पंचायती राज एवं ग्राम सभा की कार्यप्रणाली पर चर्चा कीजिए।<br>❖ अपने आस-पास की किसी सार्वजनिक समस्या की पहचान कीजिए तथा समाधान हेतु कक्षा-कक्ष में चर्चा कीजिए।<br>❖ नुक्कड़ नाटक के द्वारा किसी सार्वजनिक समस्या की पहचान एवं उसके समाधान का प्रस्तुतीकरण कीजिए।<br>❖ कृपया कार्यपत्रक संख्या 31 से 35 देखिए। | ❖ पंचायत की कार्य प्रणाली का वर्णन करेंगे। |
| **पृथ्वी: हमारा आवास** | अध्याय 1: 'सौरमंडल में पृथ्वी'<br>पिछली कक्षाओं के साथ मापित<br>**कक्षा-V**<br>**अध्याय 11: 'सुनीता अंतरिक्ष में'** | ❖ पृष्ठ संख्या 08 और 09 पर दिए गए खेलों को कक्षा - कक्ष में खिलवाएँ।<br>❖ विद्यार्थियों द्वारा सौरमण्डल के ग्रहों की स्थिति बताते हुए पृथ्वी के घूर्णन व परिक्रमण का अभिनय।<br>❖ ग्रहों और उनके उपग्रहों की सूची बनाना।<br>❖ कृपया कार्यपत्रक संख्या 55B, 60B, 66B, 71B 77B, 88B देखिए। (कक्षा -V)<br>❖ कृपया कार्यपत्रक संख्या 11 से 13 देखिए। (कक्षा-VI) | ❖ सौरमण्डल की अवधारणा को समझ सकेंगें।<br>❖ तारों, ग्रहों, उपग्रहों, सूर्य, पृथ्वी तथा चंद्रमा की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करेंगे तथा उनमें अंतर स्पष्ट करेंगे । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **पृथ्वी: हमारा आवास** | अध्याय 2: 'ग्लोब: अक्षांश एवं देशांतर' | ❖ कक्षा में ग्लोब का अवलोकन करवाना। (जहाँ तक संभव हो उभरा हुआ (एम्बोसड) ग्लोब इस्तेमाल करें )<br>❖ ग्लोब पर अक्षांश व देशांतर की खोज।<br>❖ पृष्ठ - 17 पर दिए गए खेल आनंद के लिए खिलाएँ।<br>❖ दो स्थानों के बीच देशांतरों के आधार पर समय की गणना करना।<br>❖ कृपया कार्यपत्रक संख्या 18,19, 22 एवं 35 देखिए। | ❖ अक्षांश और देशांतर के आधार पर ग्लोब पर किसी स्थान की सटीक स्थिति का पता करेंगे ।<br>❖ दिए गए देशांतर के आधार पर किसी स्थान के समय के मान की गणना करेंगे । |
| **हमारे अतीत-I** | अध्याय 2: 'आखेट-खाद्य संग्रह से भोजन उत्पादन तक' | ❖ विभिन्न काल में पत्थर के औजारों के चित्र एकत्रित करना और इनके प्रमुख उपयोगों की सूची बनाना।<br>❖ एक काल के औजार दूसरे काल से अलग क्यों हैं - इसकी समूह में चर्चा।<br>❖ छोटे समूहों में चर्चा के द्वारा भोजन के अतिरिक्त जानवरों से होने वाले अन्य लाभों की सूची बनाइए।<br>❖ मानव द्वारा खाये जाने वाले अनाजों की सूची तैयार कीजिए।<br>❖ कृपया कार्यपत्रक 16 एवं 17 देखिए। | ❖ अतीत के बारे में जानकारी प्राप्त करने में सहायक सामग्रियों के बारे में बताएँगे।<br>❖ मानव जीवन को प्रभावित करने वाली महत्वपूर्ण खोजों/ घटनाओं जैसे- आग की खोज, अनाज की खेती, औजार, पहिए, पात्र आदि के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करेंगे ।<br>❖ मानव के आखेटक से खाद्य-संग्राहक और फिर भोजन उत्पादक बनने की विकास यात्रा के बारे में चर्चा करेंगे । |

- ❖ नोट: उपरोक्त वर्णित पाठ्यक्रम 15 सितंबर 2023 तक पूर्ण करवा लिया जाना है।

जहाँ तक संभव हो उभरा हुआ (एम्बोसड) मानचित्र/ग्लोब इस्तेमाल करें

- ❖ मध्यावधि परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति।
- ❖ दिया गया पाठ्यक्रम मूल्याँकन हेतु है। ध्यातव्य है कि शेष पाठ्यवस्तु/ अध्याय अधिगम संवृद्धि हेतु है।

**मध्यावधि परीक्षा**

| पाठ्य पुस्तक | अध्याय एवं उनका पिछली कक्षाओं के साथ मापन | सुझावात्मक गतिविधियाँ | अधिगम संप्राप्ति |
|---|---|---|---|
| **सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन-I** | अध्याय 6: 'नगर प्रशासन' | ❖ निगम पार्षद की भूमिका मे शिक्षकः शिक्षक स्वयं इस भूमिका में रहें और बच्चों सें निगम- पार्षद के कार्यों एवं भूमिका से संबंधित प्रश्न पूछने के लिए कहें एवं चर्चा कीजिए।<br>❖ दिल्ली नगर निगम के विभिन्न कार्यों की सूची बनाइए।<br>❖ कृपया कार्यपत्रक 35 से 42 देखिए। | ❖ नगर प्रशासन के विभिन्न आयामों को समझाएँगे ।<br>❖ स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में नगर/ स्थानीय स्वशासन के अंगों के कार्यों को समझाएँगे। |
| **पृथ्वी: हमारा आवास** | अध्याय 6: 'हमारा देश भारत' | ❖ भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र पर भारत के राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश तथा पडोसी देश तथा भारत के अक्षांशीय व देशांतरीय विस्तार को प्रदर्शित कीजिए। (जहाँ तक संभव हो उभरा हुआ (एम्बोसड) मानचित्र/ग्लोब इस्तेमाल करें)<br>❖ चित्र संख्या 6.3 की सहायता से भारत की भौगोलिक विशेषताओं की जानकारी प्राप्त कीजिए एवं इसे कक्षा के साथ साझा कीजिए।<br>❖ कृपया कार्यपत्रक संख्या 2 देखिए। | ❖ भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र पर महत्वपूर्ण पर्वत शिखरों, पठारों, मैदानों, नदियों, मरूस्थलों, राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों व पड़ोसी देशों को उचित चिह्नों के द्वारा दर्शाऐंगें। |
| **हमारे अतीत-I** | अध्याय 3: आरंभिक नगर | ❖ हडप्पा के शहरों तथा वर्तमान शहरों के बीच समानताओं एवं असमानताओं पर कक्षा में चर्चा कीजिए।<br>❖ हडप्पा के शहरों को भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र पर दर्शाइए। (जहाँ तक संभव हो उभरा हुआ (एम्बोसड) मानचित्र/ग्लोब इस्तेमाल करें)<br>❖ कृपया कार्यपत्रक 26 से 30 देखिए। | ❖ प्रारम्भिक नगर सभ्यता के प्रमुख शहरों (हडप्पा) की प्रमुख विशेषताओं को समझाएँगे।<br>❖ भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर हड़प्पा सभ्यता के शहरों को दर्शाएँगे। |
| **हमारे अतीत-I** | अध्याय 6: 'नए प्रश्न नए विचार' | ❖ अध्याय में उल्लिखित किन्हीं पाँच विचारों तथा प्रश्नों की सूची तैयार कीजिए तथा चर्चा कीजिए कि वे आज भी क्यों महत्वपूर्ण है?<br>❖ कृपया कार्यपत्रक 43 से 46 देखिए। | ❖ इस काल में नए विचारों तथा धर्म के विकास के परिप्रेक्ष्य को समझा पाएँगे तथा उनसे जुड़े प्रमुख विचारों एवं मूल्यों की व्याख्या करेंगे। |
| **हमारे अतीत-I** | अध्याय 7: 'राज्य से साम्राज्य' | ❖ अगर आप शासक होते तो आने वाली पीढियों के लिए क्या संदेश देते? कोलॉज पर अपने संदेश लिखिए तथा कक्षा में प्रदर्शित कीजिए।<br>❖ भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र पर मौर्यं साम्राज्य के प्रमुख नगरों तथा जहाँ सम्राट अशोक के अभिलेख पाएँ गए है उन्हें दिखाइए। (जहाँ तक संभव हो उभरा हुआ (एम्बोसड) मानचित्र इस्तेमाल करें) | ❖ कला एवं स्थापत्य, प्रशासन, धर्म, विदेश नीति आदि के क्षेत्र में मौर्य काल के योगदान की प्रशंसा करेंगे। |

- नोटः उपरोक्त वर्णित पाठ्यक्रम को 31 जनवरी 2024 तक पूर्ण करवा लिया जाना है।
- वार्षिक परीक्षा हेतु पुनरावृत्ति।
- जहाँ तक संभव हो उभरा हुआ (एम्बोसड) मानचित्र/ग्लोब इस्तेमाल करें
- वार्षिक परीक्षा में सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का मूल्यांकन किया जाएगा।
- दिया गया पाठ्यक्रम मूल्याँकन हेतु है, ध्यातव्य है कि शेष पाठ्यवस्तु/ अध्याय अधिगम संवृद्धि हेतु है।

## वार्षिक परीक्षा 2024